ont>

Title: Situation arising out of increase in the prices of fertilizers and diesel in the budget.

श्री रामजीलाल सुमन : अध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री जी के बजट पेश करने के बाद खाद और डीजल के जो दाम बढ़े हैं, उससे समूचे देश में प्रतिक्रिया हुई है, किसान परेशान हुए हैं। अध्यक्ष महोदय, आज ही नहीं, विगत कुछ दिनों से हम यह सवाल उठाते रहे हैं कि खाद और डीजल का जो बढ़ा हुआ दाम है, वह वापस होना चाहिए। मैं समझता हूं कि दुनिया के संसदीय जनतंत्र में हिन्दुस्तान की सरकार ऐसी सरकार है, जिसमें सरकार का हर मंत्री यह कहता है कि खाद और डीजल पर बढ़ा हुआ दाम वापस लेना चाहिए। आज हुक्मदेव नारायण यादव जी का बयान छपा है, अजित सिंह जी और शरद यादव जी का बयान छपा है, यह कोई दलगत बात नहीं है, पूरे देश के किसानों की बेबसी और लाचारी का सवाल है। सहयोगी दलों ने कहा कि खाद और डीजल के दामों में जो बढ़ोतरी हुई है, वह वापस होनी चाहिए। कल राजद संसदीय दल की बैठक हुई थी, उसमें भी भाजपा के सांसदों ने कहा कि खाद और डीजल की वृद्धि वापस होनी चाहिए, लेकिन उप प्रधानमंत्री जी ने हिदायत दी कि लोग सार्वजनिक तौर पर न बोलें, इसका विरोध न करें। मैं आपके मार्फत निवेदन करना चाहूंगा कि यह बहुत गम्भीर मामला है, यह कोई दलगत मामला नहीं है, पूरे हिन्दुस्तान में इस पर किसानों के बीच भयंकर प्रतिक्रिया हुई है और अगर सरकार ने खाद और डीजल के बढ़े हुए दाम वापस नहीं लिए तो हिन्दुस्तान में इसकी भयंकर प्रतिक्रिया होगी। किसान आन्दोलित होंगे, जगह-जगह तनाव होगा और मजबूरी में भयंकर स्थिति पैदा हो जायेगी।â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

13.09 hrs

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.